**दिनांक–27.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में पटना क्षेत्र के कार्यपालक अभियंताओं के साथ हुई समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।

बैठक की कार्यवाही :–

**1. केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1**

- विकास भवन के कॉरिडोर में बिखरे हुए तारों को व्यवस्थित करने हेतु जालीदार फाल्स सीलींग कार्य की प्रगति के संबंध में पृच्छा की गई।

  कार्यपालक अभियंता संरचना प्रमंडल सं0–3 के द्वारा जानकारी दी गई कि अग्निशमन कार्य के प्राक्कलन एवं एकरारनामा का विश्लेषण कर लिया गया है। अवशेष राशि से फाल्स सीलींग कार्य अगले 01 सप्ताह में प्रारंभ कर दिया जाएगा।

  कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1 को निदेश दिया गया कि संरचना प्रमंडल सं0–3 के साथ समन्वय कर शेष बचे हुए भाग का प्राक्कलन तैयार कर कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल–3 / केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1

- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1 के द्वारा बताया गया कि ए.टी. एस. परिसर के पास वाले खाली जमीन पर पार्किंग का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

  निदेश दिया गया कि विकास भवन परिसर, बेसमेंट पार्किंग तथा नवनिर्मित पार्किंग में वाहनों के सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु सभी विभागों से ऐसे पदाधिकारियों की सूची प्राप्त की जाय, जिन्हें वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। सूची प्राप्त होने के उपरांत पार्किंग हेतु विभिन्न विभागों के लिए स्थल सुरक्षित की जाएगी।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1 / भू–संपदा पदाधिकारी।

- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1 को निदेश दिया गया कि विकास भवन परिसर के प्रवेश द्वार पर चारपहिया वाहन हेतु होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जाय, ताकि वाहनों के जांच के दौरान माननीय मंत्री एवं वरीय पदाधिकारियों के वाहन का आवागमन प्रभावित न हो। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि सूचना भवन के सामने खाली भू–खण्ड पर दोपहिया वाहन हेतु पार्किंग का निर्माण किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1

- मुख्य अभियंता, पटना को निदेशित किया गया कि पार्किंग प्रवेश नियंत्रण की प्रक्रिया का अध्ययन कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

  अनुपालन :– मुख्य अभियंता, पटना।

- अभिलेख भवन के पीछे बन रहे नए भवन के संबंध में पृच्छा की गई कि क्या इस भवन में एक अतिरिक्त तल का निर्माण संभव है? कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यहां रिकॉर्ड रूम का निर्माण किया जा रहा है। यह भवन जी+3 संरचना

है, जिसके द्वितीय तल की ढलाई कार्य की जा रही है। इसके निरूपण के अनुसार अतिरिक्त तल का निर्माण संभव नहीं है।

निदेश दिया गया कि निर्माण कार्य ससमय पूर्ण किया जाय।

अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1

**2. केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–2**

- मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रस्तावित भवन के निर्माण की प्रगति के संबंध में की गई पृच्छा के आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पैनल रूम का निर्माण किया जा रहा है। पैनल स्थानांतरित होने के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

  निदेश दिया गया कि पैनल रूम का निर्माण शीघ्र पूर्ण कर मुख्य भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–2

- जनता दरबार में टी.वी. एवं माईक अधिष्ठापन के संबंध में की गई पृच्छा के आलोक में विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 10–12 अतिरिक्त माईक की आवश्यकता है। टी.वी. एवं माईक अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है।

  निदेश दिया गया कि कार्य शीघ्र निष्पादित किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–2

- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–2 द्वारा बताया गया कि लोक सेवक आवास, 01 अण्णे मार्ग में साफ–सफाई एवं माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष एवं परिसर में किए गए अन्य कार्यों का प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं है।

  निदेश दिया गया कि 03 वर्ष के लिए प्राक्कलन तैयार कर विधिवत जांचोपरांत प्रस्तुत किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–2 / मुख्य अभियंता, पटना।

**3. पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना**

- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 12 आवासों में आवास परिवर्तन हुआ है, जिसके आलोक में रख–रखाव किया जाना है।

  निदेश दिया गया कि आवश्यकता के अनुरूप ही कार्य कराए जाएं तथा जिन भवनों में हाल ही में टाईल्स आदि बदले गए हैं, उनमें पुनः नए टाईल्स नहीं लगाए जाएं।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना / मुख्य अभियंता, पटना।

- जिला अतिथिगृह, पटना के परिसर में अतिरिक्त भवन के निर्माण के संबंध में मुख्य वास्तुविद् द्वारा जानकारी दी गई कि संशोधित प्रस्ताव इस सप्ताह कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

  अनुपालन :– मुख्य वास्तुविद्।

**4. उच्च न्यायालय, भवन प्रमंडल, पटना**

- उच्च न्यायालय परिसर में अस्पताल निर्माण के संबंध में की गई पृच्छा के जवाब में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि निविदा में प्राप्त परिवाद का निष्पादन किया जा रहा है। निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र निविदा निष्पादित कर कार्य प्रारंभ कराया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

- कार्यपालक अभियंता द्वारा अदालतगंज स्थित माननीय उच्च न्यायालय के कर्मियों के आवासों के साफ–सफाई एवं रख–रखाव हेतु बजट आवंटन के संबंध में पृच्छा की गई।

  निदेशित किया गया कि साफ–साफाई एवं रख–रखाव कार्य को प्राथमिकता सूची में शामिल कर क्रियान्वित की जाय तथा राशि की मांग अलग से की जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

**5. गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना**

- टाईप–ए, बी एवं पदाधिकारी आवासीय परिसर के रख–रखाव के निविदा निष्पादन, जिम के संचालन हेतु RFP प्रकाशन एवं पदाधिकारी आवासन परिसर में निर्मित दुकानों के संचालन प्रारंभ करने के संबंध में कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई।

  कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई कि साफ–सफाई संबंधी निविदा का निष्पादन अगले 01 सप्ताह में कर लिया जाएगा। RFP प्रकाशित की जा चुकी है। दुकानों को क्रियान्वित करने की कारवाई की जा रही है।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

- मानवाधिकार आयोग के भवन के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पेड़ कटाई एवं बोरिंग का काम किया जा रहा है।

  निदेशित किया गया कि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

- पदाधिकारी आवासीय परिसर में सोलर संयत्र अधिष्ठापन के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि ब्रेडा द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

  निदेशित किया गया कि ब्रेडा से समन्वय कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

**6. पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर**

- शास्त्रीनगर आवासीय परिसर में बागवानी के संबंध में की गई पृच्छा के आलोक में अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि परिसर में बागवानी हेतु बहुत कम स्थल उपलब्ध है तथा उपलब्ध स्थल में पेड़ आदि लगाए गए हैं।

  निदेश दिया गया कि स्थल निरीक्षण कर समुचित बागवानी तथा परिसर का उत्तम रख–रखाव एवं साफ–सफाई सुनिश्चित किया जाय।

  अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

**7. उद्यान प्रमंडल, पटना**

- निदेशित किया गया कि गर्दनीबाग में उपलब्ध कराए गए स्थल पर यथाशीघ्र नर्सरी विकसित की जाय ताकि अगामी मौसम में नर्सरी से ही फूल वाले पौधे की आपूर्ति की जा सके।

अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

**8. अन्यान्य**

- निदेशित किया गया कि विभिन्न कार्यालय भवनों में अधिष्ठापित की गई लिफ्टों का समुचित रख–रखाव सुनिश्चित किया जाय, ताकि विभाग को असहज स्थित का सामना नहीं करना पड़े। यह भी निदेशित किया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा उनके स्तर से अधिष्ठापित ए.सी. का रख–रखाव भवन निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया जाय।

अनुपालन :– सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/मुख्य विद्युत अभियंता, 1 एवं 2

- अभियंता प्रमुख विद्युत को निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र आई.आई.टी. पटना का भ्रमण कर विद्युत सामग्रियों के गुणवत्ता जांच की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

अनुपालन :– अभियंता प्रमुख (विद्युत)

बैंठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

(प्रणव कुमार)
सचिव 31/7/26

ज्ञापांक– 7297 (7) दिनांक– 05/8/26
प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।

5.8.26
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव